## :: आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश पत्र संख्या–329/आ0प्र0प्राधि0 (covid-19) 2020 दिनांक 03.04.2020 के द्वारा कोरोना वायरस के दृष्टिगत जनपद में आये व्यक्तियों का होम क्वारंन्टाइन में निगरानी एवं तत्सम्बन्धी सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु परगना बड़कोट में क्रम संख्या–1 पर अंकित श्री अमित चौहान, उप खण्ड शिक्षा अधिकारी, नौगांव की तैनाती कोविड मजिस्ट्रेट हेतु की गयी है। श्री चौहान की तैनाती कोरोना सम्बन्धी प्रशिक्षण टीम में होने के कारण उनके स्थान पर श्री अरूण कुमार, सहायक अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट (मो0–9719003723) की तैनात परगना बडकोट में कोविड मजिस्ट्रेट के रूप में की जाती है।

उपरोक्त कोविड मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये जाते है कि तत्काल सम्बन्धित परगना मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर ग्रामवार होम क्वॉरन्टाईन मे रखे गये व्यक्तियों के बारे में जॉच करते हुये आंख्या दैनिक रूप से उप जिलाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी/कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 आशीष चौहान )
अध्यक्ष,जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

पत्र संख्या-340/आ0प्र0प्रा0(covid-19/20) दिनांक-4 अप्रैल 2020

**प्रतिलिपिः–** निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. उप जिलाधिकारी, बडकोट/पुरोला को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कोविड मजिस्ट्रेट को क्षेत्र आवंटित करेंगे उपरोक्तानुसार कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करें।
2. चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौगांव/पुरोला ।
3. मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तरकाशी।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

## कार्यालयः जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण उत्तरकाशी।

पत्रांक / 338 / आ.प्र.प्रा.(कोविड–19) 2020 दिनांक 03.04.2020।

सेवा में,

समस्त ग्राम प्रधान,
विकासखण्ड मोरी / पुरोला / नौगांव / चिन्यालीसौड़ / डुण्डा / भटवाड़ी।

**विषय– ग्राम पंचायतों में निवास कर रहें ग्रामीण लाभार्थियों को भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाये जाने हेतु तिथियों का निर्धारण एवं सोशियल डिस्टेन्सिंग के अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में।**

भारत सरकार द्वारा दिनांक 03 अप्रैल 2020 की तिथि से विभिन्न विभागों द्वारा कियान्वित की जा रही योजनाओं यथा प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान सम्मान निधि, विभिन्न पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत ग्रामीण लाभार्थियों को वर्तमान आपदा के दृष्टिगत कोरोना वायरस संकमण के रोकथाम हेतु प्रभावी लॉकडाउन अवधि में अनुमन्य धनराशि बैकों से समय प्रातः 08.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक नगद लेनदेन के द्वारा प्राप्त होगी। दिनांक 03 अप्रैल 2020 से दिनांक 09 अप्रैल 2020 तक हित धारकों को उनके खाते की संख्या के अन्तिम अंक कमशः 0 या 01 दिनांक 03 अप्रैल 2020, 2 या 3 अंक वाले खाते धारकों दिनांक 04 अप्रैल 2020 को, अन्तिम अंक कमांक 4 या 5 को दिनांक 07 अप्रैल 2020 को खाते के अन्तिम अंक 6 या 7 हेतु दिनांक 08 अप्रैल 2020 को तथा अन्तिम अंक 8 या 9 के खाता धारकों को दिनांक 09 अप्रैल 2020 हेतु पत्र संख्या 322 दिनांक 02 अप्रैल 2020 के द्वारा स्पष्ट निर्देश निर्गत किये गये है। इस पत्र में दिये गये सभी निर्देशों का पालन करते हुए कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण की रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप बैकों में सामाजिक दूरी (Social Distancing) का पालन व वायरस के संक्रमण से रोकथाम के दृष्टिगत किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस हेतु न्याय पंचायत / ग्राम पंचायत वार रोस्टर भी निर्गत किया गया है।

अतः आप सभी से अपेक्षा होगी कि कोरोना वायरस (कोविड–19) के संकमण की रोकथाम हेतु के दृष्टिगत बैकों में उपरोक्त निर्धारित तिथियों में लाभार्थियों को बैंक में भेजने हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। जिससे लाभार्थियों को देय धनराशि का भुगतान भी हो सके तथा ग्राम पंचायत के निवासी संकमित होने से सुरक्षित रह सके।

**संलग्नकः– ग्रामों की रोस्टर सूची तथा बैंक में खातों की नियत दिनांक आदेश।**

(डॉ0 आशीष चौहान)
अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
/ जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपि– निम्नांकित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी।
2– जिला पंचायत राज अधिकारी उत्तरकाशी।
3– जिला समाज कल्याण अधिकारी उत्तरकाशी।
4– मुख्य कृषि अधिकारी उत्तरकाशी।
5– अग्रणी बैंक प्रबन्धक उत्तरकाशी।
6–समस्त खण्ड विकास अधिकारी उत्तरकाशी।

अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
/ जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

संख्या–336/तेरह–आ0प्र0/कोरोना वायरस/2020 दिनांक–03 अप्रैल,2020

मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तरकाशी।

विषय– गर्भवती महिला के हेमोग्लोबिन जॉच के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक आप अवगत है कि वर्तमान में कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत दिनांक 25 मार्च 2020 से लॉक डाउन किया गया है। लॉक डाउन के कारण जनपद में गर्भवती महिलाओं को नियमित जॉच कराने तथा चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में समस्याऐं आना संज्ञान में आया है। जनपद में ऐसी गर्भवती महिलाऐं जिनके हेमोग्लोबिन की जॉच नही की गयी है अथवा जिनमे हेमोग्लोबिन का स्तर न्यून है वह उन्हे चिकित्सीय सुविधाऐं उनके निवास स्थानों पर जाकर किया जाना आवश्यक है। ऐसी महिलाऐं प्रसव के समय मातृ मृत्यु की दृष्टि से अत्यन्त सवेदनशील है मातृ मृत्यु दर को कम करने हेतु उक्त महिलाओं को उचित चिकित्सा सुविधाऐं उपलब्ध कराना आवश्यक है।

उक्त के क्रम में आप सम्पूर्ण जनपद की गर्भवती महिलाओं के चिन्हीकरण तथा उनके हेमोग्लोबिन की जॉच तथा न्यून हेमोग्लोबिन स्तर वाली महिलाओं के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सम्बन्धित सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर टीमे गठित कर गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला कार्यक्रम अधिकारी, उत्तरकाशी।
2– समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, उत्तरकाशी।
3– समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, समुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उत्तरकाशी।
4– आशा समन्वयक, जनपद उत्तरकाशीं

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

संख्या–337/तेरह–आ0प्र0/कोरोना वायरस/2020 दिनांक–03 अप्रैल,2020

1– मुख्य कृषि अधिकारी,
जनपद उत्तरकाशी।

2– मुख्य उद्यान अधिकारी,
जनपद उत्तरकाशी।

विषय– कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत लॉक डाउन के मध्य कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में फसल कटाई तथा बागवानी कार्य विषयक।

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत घोषित लॉक डाउन के मध्य कृषि क्षेत्र में फसल कटाई तथा आवश्यक कृषि निवेशो की विक्री एवं परिवहन के सम्बन्ध में गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेश संख्या–40–3/2020–DM–1(A) दिनांक 24.03.2020, प्रथम परिशिष्ट दिनांक 25.03.2020 तथा द्वितीय परिशिष्ट दिनांक 27.03.2020 के द्वारा गाईड लाईन निर्गत की गयी है जिसमें लॉक डाउन अवधि में कृषि कार्यो के सम्बन्ध में प्रतिबन्धों से छूट प्रदान की गयी है।

उक्त के क्रम में कृषि फसलों की कटाई एवं बुवाई, बागवानी क्षेत्र में कार्यरत कास्तकारों तथा कृषि निवेशों की विक्री तथा परिवहन में कार्यरत कृषकों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन किया जायेगा। 04 से अधिक कृषक कृषि निवेश केन्द्रो पर एकत्रित न हो तथा कृषि निवेश केन्द्र में कार्यरत कार्मिको द्वारा मास्क का प्रयोग किया जायेगा और कृषकों हेतु सेनेटाईजर तथा हाथ धोने हेतु पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें।

अतः आप जनपद में अपने अधीनस्थ क्षेत्रिय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से कृषकों एवं कास्तकारों के मध्य सामाजिक दूरी तथा कोविड–19 के तहत जारी दिशा/निर्देशों तथा भारत सरकार एवं शासन से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। भारत सरकार एवं शासन से प्राप्त दिशा निर्देश एवं शासनादेश की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

संख्या 334 / तेरह–आ0प्र0 / कोरोना वायरस / 2020 दिनांक–03 अप्रैल, 2020

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
उत्तरकाशी।

विषय– समेकित बाल विकास सेवाऐं स्कीम अन्तर्गत टेक होम राशन वितरण विषयक।

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि समेकित बाल विकास सेवाऐं स्कीम अन्तर्गत टेक होम राशन का वितरण दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल के मध्य किया जाना है। टी0एच0आर0 06 माह से 3 वर्ष के बच्चों, 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों तथा गर्भवती और धात्री महिलाओं को किया जायेगा।

वर्तमान में कोरोना वायरस संक्रमण के फैलने की अत्यधिक सम्भावना है। कोरोना वायरस संक्रमण को विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार द्वारा महामारी घोषित किया गया हैं। टी0एच0आर0 के वितरण में आपके विभागीय अंगनबाडी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उनके द्वारा टी0एच0आर0 क्रय कर लाभार्थियों को घर–घर वितरण किया जाना है।

उक्त के क्रम में आप टी0एच0आर0 क्रय करने के सम्बन्ध में सुनिश्चित करें कि जिन दुकानों से आंगनबाडी कार्यकत्रीयों द्वारा राशन एवं सामग्री क्रय की जा रही है उन दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान की सफाई की व्यवस्था कोविड–19 के गाईड लाईन के अनुसार की जा रही हो। दुकानदारों के स्वास्थ्य ठीक हो तथा उन्हे कोविड संक्रमण सम्बन्धी लक्षण न हो। आंगनबाडी कार्यकत्री टी0एच0आर0 बांटते समय सोशल डिस्टेन्सिंग के नियमों तथा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जारी निर्देशों का सावधानी पूर्वक अनुपालन करेगें। गांव में किसी बच्चे, गर्भवती अथवा धात्री महिला का स्वास्थ्य खराब होना पाया जाता तो इसकी तत्काल सूचना जिला चिकित्सालय के वार रूम तथा आपदा कंन्ट्रोल रूम उत्तरकाशी को प्रदान करेगे।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

प्रतिलिपि– समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद उत्तरकाशी को अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

## :: आदेश ::

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नोबल कोरोना(COVID-19)को अन्तराष्ट्रीय महामारी घोषित कर दिये जाने के फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा उक्त महामारी के प्रसार को रोकने एवं बचाव के निर्देश दिये गये है, वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत इस संक्रमण के पूर्ण नियंत्रण हेतु निरन्तर कार्यवाही/अनुश्रवण करते रहने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उत्तरकाशी ने अपने पत्र संख्याः NHM/IDSP/COVID-19/2019-20/975-1 दिनांक 24 मार्च,2020 के द्वारा आर0बी0एस0के0 की टीम हेतु विभागीय अनुबन्धित निम्नांकित वाहनों में पी0ओ0एल0 की व्यवस्था कराये जाने का अनुरोध किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क0म0 | वाहन स्वामी का नाम व पता | वहन संख्या |
|---|---|---|
| 01. | दिगपाल सिंह | UK-10TA/0738 |
| 02. | शुरवीर सिंह ग्राम तराकोट चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी | UK-07TA/7474 |
| 03. | प्यार सिंह ग्राम टिपरी, पट्टी विष्ट, चिन्यालीसौड़,उत्तरकाशी | UK-10TA/4511 |
| 04. | राजेश सिंह रावत, ग्राम दांगुडगॉव,उत्तरकाशी | UK-10TB/3482 |
| 05. | विरेन्द्र सिंह राणा, ग्राम गुन्दियाटगांव, पुरोला, उत्तरकाशी | UK-10TA/6565 |
| 06. | सुनील कुमार, खरसाड़ी मोरी, उत्तरकाशी। | UK-07TB/1936 |

अतः उपरोक्त वाहनों में पी0ओ0एल0 की व्यवस्था करवाये जाने हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/तहसीलदारों को अधिगृहित किया जाता है। सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/तहसीलदार उक्त वाहनों में पी0ओ0एल0 की व्यवस्था अपनी-अपनी तहसील अन्तर्गत सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी के अनुरोध पर करवाना सुनिश्चित करेगें तथा भरवाये गये ईधन की खपत की लांगबुक सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी से सत्यापित करवाकर मय बिलों के साथ भुगतान हेतु जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकारण, उत्तरकाशी को भुगतान हेतु उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगें।

यह आदेश तत्काल प्रभारी होगा।

दिनांक 03.04.2020

ह0/-डॉ0आशीष चौहान
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

## कार्यालय- जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

संख्याः 333 /13-आपदा प्रबन्ध- नोबल कोरोना(COVID-19)(2019-20) दिनांक 03 ~~मार्च~~ अप्रैल,2020

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तरकाशी।
2- उप जिलाधिकारी, भटवाड़ी/बड़कोट/पुरोला।
3- तहसीलदार,भटवाड़ी/चिन्यालीसौड़/बड़कोट/पुरोला/मोरी।
4- प्रभारी चिकित्साधिकारी,भटवाड़ी/चिन्यालीसौड़/नौगांव/पुरोला/मोरी।

प्रभारी अधिकारी,
कृते-जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

## ::आदेश::

भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–19) को आपदा के रूप में अधिसूचित किया गया है, कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रभाव को रोकने हेतु वर्तमान मे 21 दिन का लॉक डाउन प्रभावी है, जिससे कोरोना सक्रमण चक्र को तोडा जा सके। इस सम्बन्ध मे अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या–234 दिनांक–25,मार्च 2020 के द्वारा निर्देश दिये गये है, कि ग्राम पचायतो मे भी कोरोना वायरस कोविड–19 के संक्रमण के प्रभाव को रोकने हेतु निरतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससें ग्रामीण क्षेत्रों मे कोविड–19 महामारी के फैलने की सम्भावना न रहे। इसी सन्दर्भ में ग्राम प्रधान सगंठन द्वारा आग्रह किया है, कि ग्राम पंचायतों में भी फॉगिंग मशीन की आवश्यकता है, जिससे गांवो को भी सैनिटाईज किया जा सके। कीटाणु शोधन साम्रगी एंव फॉगिग मशीन को राज्य वित आयोग/चौदहवे वित आयोग से कय किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0 316/01(वि.आ.निदे.)xxvii(1)/2019, दिनांक 12, अप्रैल 2019 में चतुर्थ राज्य वित आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत शासनादेश के प्रस्तर–2(ii) में स्वच्छता कार्यो पर धनराशि व्यय किये जाने का उल्लेख है, इसी प्रकार 14वॉं वित्त आयोग की संस्तुतियों के कम में भी समस्त ग्राम पंचायतों में ''सेप्टैज प्रबन्धन सहित स्वच्छता'' किये जाने के व्यवस्था है।

अतः जिला पंचायतराज अधिकारी, उत्तरकाशी को निर्देशित किया जाता है कि कोरोना वायरस (कोविड–19) के संकमण एवं महामारी के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण के रोकथाम हेतु कीटाणु शोधन प्रोटाकॉल का पालन करते हुये प्रधान संगठन द्वारा ग्राम पंचायतों में सेनीटाईज किये जाने हेतु ब्लीचिग पाउडर, सोडियम हाईपोक्लोराईट एवं आवश्यकतानुसार मास्क तथा उच्च गुणवत्ता युक्त फोगिंग /स्प्रे मशीन के सम्बन्ध में अनुरोध की गई साम्रगी को नियमानुसार कय करने हेतु उक्त शासनादेशानुसार समस्त ग्राम प्रधानों को सूचित करना सुनिश्चित करें।

(डा0 आशीष चौहान)
जिला मजिस्ट्रेट,
उत्तरकाशी।

## कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी।

संख्या–331/ आ0प्र0प्रा0 (कोविड–19) 2020 दिनांक 03 अप्रैल, 2020

**प्रतिलिपि–निम्नाकितं को सुचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1–मुख्य विकास अधिकारी, उत्तरकाशी।
2–जिला पचायतराज अधिकारी, उत्तरकाशी।
3–समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उत्तरकाशी।

जिला मजिस्ट्रेट,
उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

## :: आदेश ::

कोरोना वायरस (covid-19) का विश्व भर में प्रकोप के कारण Epidemic Disease अधिसूचित किया गया है। जनपद में विदेशों एवं अन्यत्र राज्यों के प्रवासी/स्थानीय नागरिक अपने मूल निवास/पैतृक ग्रामों में लौटे है। जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है तथा कोरोना से सम्बन्धित कोई लक्षण न पाये जाने पर भी सम्बन्धित को 14 दिनों की अवधि तक घर पर ही पृथक रख कर होम संगरोधन (Home Quarantine) में रखते हुये निगरानी की जा रही है। उक्त व्यक्तियों द्वारा होम क्वॉरन्टाइन के प्रोटोकॉल का अनुपालन कराये जाने तथा ट्रेवल हिस्ट्री सम्बन्धित डाटा रखे जाने के साथ ही इस सम्बन्ध में उपलब्ध जानकारी सम्बन्धित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के लिए निम्न प्रकार परगनावार कोविड मजिस्ट्रेट नामित कर उप जिलाधिकारी के नियंत्रण में तैनात किये जाते है।

| क्र0 सं0 | जोन | कोविड मजिस्ट्रेट का नाम | सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | परगना पुरोला | श्री पुष्पेन्द्र मिश्रा, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पुरोला। | 8868040744 |
| 2 | | श्री सोनू त्यागी, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, पुरोला। | 9557903163 |
| 3 | | श्री प्रश्न पाल, अपर सहायक अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 पुरोला। | 8475897943 |
| 4 | | श्री सन्दीप जायडा, कनिष्ठ अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, पुरोला। | 9548084663 |
| 1 | परगना बडकोट | श्री अमित चौहान, उप खण्ड शिक्षा अधिकारी, नौगांव। | 7895014434 |
| 2 | | श्री पी0एस0 रावत, एस0डी0ओ0 सिंचाई खण्ड, बड़कोट। | 7579461662 |
| 3 | | श्री अंकित नौटियाल, सहायक अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट। | 9756133577 |
| 4 | | श्री राम नरेश गुलेरिया, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, बडकोट। | 9760500466 |

उपरोक्त कोविड मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये जाते है कि तत्काल सम्बन्धित परगना मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर उपरोक्तानुसार ग्रामवार होम क्वॉरन्टाईन मे रखे गये व्यक्तियों के बारे में जॉच करते हुये आंख्या दैनिक रूप से उप जिलाधिकारी के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 आशीष चौहान )
अध्यक्ष,जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

पत्र संख्या -329 /आ0प्र0प्रा0(COVID-19)20 दिनांक- 03 अप्रैल 20

**प्रतिलिपिः-** निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. उप जिलाधिकारी, बडकोट/पुरोला को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कोविड मजिस्ट्रेट को क्षेत्र आवंटित करेंगे उपरोक्तानुसार कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करें।
2. चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौगांव/पुरोला को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त टीम में मेडिकल कार्मिक की तैनाती करेंगे।
3. मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तरकाशी।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

कोरोना/आवश्यक

# कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

पत्र संख्या–328/आ0प्र0प्रा0 (COVID-19)/2020 दिनांक 03 अप्रैल, 2020

सेवा में,

1. प्रभागीय वनाधिकारी,
   अपर यमुना वन प्रभाग,
   बडकोट।
2. प्रभागीय वनाधिकारी,
   टोंस वन प्रभाग, पुरोला।
3. उप निदेशक,
   गोबिन्द पशु विहार पुरोला,
   उत्तरकाशी ।

**विषयः–** होम क्वॉरनटाइन के सम्बन्ध में ।

उपर्युक्त विषयक कोरोना वायरस (covid-19) का विश्व भर में प्रकोप के कारण Epidemic Disease अधिसूचित किया गया है। जनपद में विदेशों एवं अन्यत्र राज्यों के प्रवासी/स्थानीय नागरिक अपने मूल निवास/पैतृक ग्रामों में लौटे है। जिनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा रहा है तथा कोरोना से सम्बन्धित कोई लक्षण न पाये जाने पर भी सम्बन्धित को 14 दिनों की अवधि तक घर पर ही पृथक रख कर होम संगरोधन (Home Quarantine) में रखते हुये निगरानी की जा रही है।

चूँकि जनपद उत्तरकाशी की बड़ी जनसंख्या वन क्षेत्र एवं उसके आस–पास निवासरत है। इस सम्बन्ध में अपने अधीनस्थ कार्मिकों से विभागीय कार्य के साथ–साथ उनके कार्यक्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले ग्राम पंचायतों में बाहरी राज्यों से आये व्यक्तियों/मजदूरों का विवरण संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध कराते हुये भारत सरकार द्वारा जारी Home Quarantine के प्रोटोकॉल का अनुपालन करवाने हेतु जागरूक करते हुये सूचना दैनिक रूप से सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/उप जिलाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी/कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर–01374– 222641 एवं 222126 पर आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त व्यक्तियों को यह भी सूचित करें कि उनके द्वारा 14 दिन तक Home Quarantine के उपरोक्त Home Quarantine दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

(डॉ0 आशीष चौहान )
अध्यक्ष,जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** उप जिलाधिकारी, बडकोट/पुरोला को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

## - आदेश -

शासन/प्रभारी सैटेलाइट कंट्रोल रूम कोविड-19, देहरादून के पत्र सं. यू0यू0एस0डी0ए0/COVID-19-SCRU/A-368/900 दिनांक 02-04-2020 के द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में गठित BRT/CRT द्वारा शासन स्तर में गठित BRT/CRT को संदिग्ध COVID-19 व्यक्तियों की जो सूची भेजी जा रही है उसमें कई व्यक्तियों की Contact Details अपूर्ण/त्रूटिपूर्ण होने के कारण शासन स्तर पर गठित BRT/CRT द्वारा ऐसे व्यक्तियों से सम्पर्क नहीं हो पा रहा है। शासन द्वारा ऐसे व्यक्तियों की सूची भी सभी जनपदीय नोडल अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

पूर्व कार्यालय आदेश सं. 261/आ0प्र0प्रा0/2020 दिनांक 28-04-2020 के द्वारा जनपद स्तर पर कान्टेक्ट ट्रेसिंग हेतु BRT/CRT गठित की गई है, जिसमें अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को समन्वयक नामित किया गया है। अतः उक्त पूर्व निर्गत आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी के स्थान पर श्री विजय प्रताप भण्डारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, उत्तरकाशी को समन्वयक नामित किया जाता है। अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को शासन/प्रभारी सैटेलाइट कंट्रोल रूम कोविड-19, देहरादून के उक्त पत्र सं. यू0यू0एस0डी0ए0/COVID-19-SCRU/A-368/900 दिनांक 02-04-2020 के क्रम में जिला स्तर पर कान्टेक्ट ट्रेसिंग हेतु गठित BRT/CRT का नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। अपर जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी को निर्देश दिये जाते हैं कि वह तत्काल वाँछित सूचना आज ही प्रेषित करते हुए निर्धारित प्रारूप पर प्रतिदिन की सूचनाएँ सांय 03:00 बजे तक शासन स्तर पर गठित BRT/CRT को प्रेषित करवाना सुनिश्चित करवायेंगे।

( डॉ0 आशीष चौहान )
जिला मजिस्ट्रेट,
उत्तरकाशी।

**कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी।**

संख्या 327 /एस0पी0ए0/2020 दिनांक 03 अप्रैल ,2020

प्रतिलिपि- निम्नांकित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।
2- श्री विजय प्रताप भण्डारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, उत्तरकाशी।
3- जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी, उत्तरकाशी।

जिला मजिस्ट्रेट,
उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

कार्यक्रम निदेशक,
परियोजना प्रबन्धक,
शहरी क्षेत्र विकास विकास संस्था,
सैटैलाईट कन्ट्रोल रूम, COVID-19 देहरादून।

पत्र संख्या– 261 /आ0प्र0प्रा0 (COVID-19)/2020 दिनांक 28 मार्च, 2020

विषयः– <u>कोविड–19 कन्ट्रोल रूम तथा कन्टेक ट्रेसिंग के सम्बन्ध में</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने कार्यालय पत्र संख्या–यू0यू0एस0डी0ए0/Satellite Control Room COVID-19 Dehradun/888 दिनांक 27.03.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद स्तर पर BRT/CRT टीमों का विकास खण्डवार गठन किया गया है। जिसकी सूचना निर्धारित प्रारूप पर सादर संलग्न कर सेवा में प्रेषित है।

<u>संलग्न–यथोपरि</u>

भवदीय,

(डॉ0 आशीष चौहान),
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः–</u> निम्नांकितों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. सचिव, आपदा प्रबन्धन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. आयुक्त महोदय, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

## कान्टेक्ट ट्रेसिंग हेतु BRT/CRT गठित का विवरण

| जनपद का नाम | विकासखण्ड / नगर निकाय का नाम | BRT/CRT का समन्वयक क सदस्यों के नाम व पदनाम वमो0 न0 | BRT/CRT के अन्य सदस्यों के नाम व मो0 न0 | आवंटित वाहन संख्या | वाहन चालक का नाम व मो0न0 |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरकाशी | उत्तरकाशी (CRT) | श्री तीर्थपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी। (9412990299 ) | श्री पीस0चौहान, नायब तहसीलदार (9410312009)<br>डॉ सुमित बरमन ,जिला चिकित्सालय, उत्तरकाशी। (7060730645)<br>श्री कमल कुमार उप निरीक्षक, कोतवाली, उत्तरकाशी (9410749085, 8006259675, 8057632012)<br>श्री प्रवीन कुमार चौधरी, प्रभारी निरीक्षक, स्थानीय अभिसूचना इकाइ (7895111707 ,9411112800) | UA/10GA-0052 | श्री कृष्ण पाल गंगाडी (9627624744)<br>श्री प्रीतम सिंह (7900863081) |
| | भटवाडी (BRT) | श्री प्रेम सिह रावत, तहसीलदार, भटवाडी (9410196239) | श्री ज्योती प्रसाद, खण्ड विकास अधिकारी, भटवाडी (8006828140)<br>श्री खुशीराम पाण्डेय, प्रभारी थानाध्यक्ष, मनेरी (9411112863)<br>डॉ0 कुलवीर सिंह राणा, चिकित्साधिकारी, सामु0स्वास्थ्य केन्द्र, भटवाडी (9410107133)<br>श्री राहुल कुमार ,निरीक्षक, स्थानीय अभिसूचना इकाई, भटवाडी (9997082428) | UA/10-0028 | श्री अमरपाल बुटोला (9557419325) |
| | डुण्डा (BRT) | श्री विरेन्द्र सिंह रावत, तहसीलदार, डुण्डा (9411331611 / 9068300000) | श्रीमती दृष्टि आनन्द, खण्ड विकास अधिकारी डुण्डा (मो0–9897970545)<br>श्री महादेव प्रसाद उनियाल, थानाध्यक्ष, कोतवाली उत्तरकाशी (9411112862)<br>डॉ0 सूरज भण्डारी, चिकित्साधिकारी, सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र डुण्डा (9410583666)<br>श्री अजीत चौहान ,निरीक्षक, स्थानीय अभिसूचना इकाई, डुण्डा (8126102307) | UA/10TA-4949 | श्री सतपाल चौहान (8979700554) |
| | चिन्यालीसौड (BRT) | सुश्री श्रुति वस्त, खण्ड विकास अधिकारी, चिन्यालीसौड(8755451241) | श्री विनोद थपलियाल, थानाध्यक्ष धरासू (9411112864)<br>डॉ0 जितेन्द्र भण्डारी, चिकित्साधिकारी समु0 स्वास्थ्य केन्द्र, चिन्यालीसौड (9412312300)<br>श्री सन्तोष विष्ट ,निरीक्षक, स्थानीय अभिसूचना इकाई, चिन्यालीसौड (9758584174) | UA/10-4416 | श्री महेश रतूडी (8171308174) |
| | नौगांव (BRT) | श्री मोहन सिह राणा, तहसीलदार, बडकोट (9412379978 7895818915) | श्री दलबीर सिहं भण्डारी, खण्ड विकास अधिकारी, नौगांव (7455930400)<br>श्री दिनपाल सिह, थानाध्यक्ष बडकोट (9411112864)<br>डॉ0 अंगद सिंह राणा, सामु0स्वा0 बडकोट चिकित्साधिकारी (9411142459)<br>श्री जगत सिंह रावत,निरीक्षक, स्थानीय अभिसूचना इकाई, नौगांव (9997082428) | UA/10-0554 | श्री रवी (7895692079) |
| | पुरोला (BRT) | श्री चन्दन सिंह राणा, तहसीलदार पुरोला (9411185808) | श्री तेग सिह रावत खण्ड विकास अधिकारी, पुरोला (7579039229)<br>श्री ऋतुराज सिहं रावत, प्रभारी थानाध्यक्ष (9411112866)<br>डॉ0 पंकज कुमार, चिकित्साधिकारी, सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र, पुरोला (7455074955)<br>श्री का0 संदीप स्थानीय अभिसूचना इकाई, (7579009607) | UA/07GA-0672 | श्री अमित पंवार, () |
| | मोरी (BRT) | श्री बलवीर सिह, तहसीलदार, मोरी (7579110434) | श्री देवेन्द्र सिह डिगरी, खण्ड विकास अधिकारी मोरी (7579146499)<br>श्री केदार सिह चौहान, थानाध्यक्ष, मोरी। (9412077402)<br>डॉ0 एस0के0 जोशी, चिकित्साधिकारी, सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र, मोरी (9456740735)<br>का0 संदीप कवी , स्थानीय अभिसूचना इकाई, मोरी | Uk/07-9146 | श्री महेन्द्र सिह (8171718719) |

ह0 /-

Scanned with CamScanner

कोरोना / आवश्यक

# कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

पत्र संख्या–325 / आ0प्र0प्रा0 (COVID-19) / 2020 दिनांक 03 अप्रैल, 2020

चिकित्साधिकारी,
सामुदायिक / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,
नौगांव / बडकोट / पुरोला / मोरी।

**विषयः–** **108 आपातकालीन एम्बुलेंस का कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु उपयोग नहीं किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नोबल कोरोना (CoVID-19) को अर्न्तराष्ट्रीय महामारी घोषित किया गया है, फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस (covid- 19) को आपदा के रूप में अधिसूचित किया गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु कोरोना वायरस के संक्रमित अथवा संदिग्ध व्यक्ति हेतु पृथक एम्बुलेंस का प्रयोग किया जाना है जिसका उपयोग अन्य बीमारी से ग्रसित व्यक्ति अथवा दुर्घटना में घायलों के उपयोग हेतु कदापि नहीं किया जायेगा।

अतः 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा विशेष एम्बुलेंस सेवा होने के दृष्टिगत यह सुनिश्चित किया जाय कि 108 आपातकालीन सेवा का उपयोग कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति अथवा संदिग्ध मरीजों हेतु कदापि नहीं किया जायेगा। उक्त का उपयोग अन्य मरीजों तथा आपातकालीन स्थितियों में किया जायेगा। कोरोना वायरस से संक्रमण के संदिग्ध / संक्रमित व्यक्तियों हेतु स्वास्थ्य विभाग अथवा अन्य संस्थाओं की पृथक एम्बुलेंस का ही प्रयोग किया जायेगा ।

(डॉ0 आशीष चौहान )
अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण /
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तरकाशी।
2. जिला प्रभारी 108 एम्बुलेंस सेवा, उत्तरकाशी।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण /
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

संख्या– 326 /तेरह–आ0प्र0/2020 दिनांक–03 अप्रैल, 2020

जिला पूर्ति अधिकारी,
जनपद उत्तरकाशी।

विषय– "प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना" के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार एवं अन्तोदय अन्न योजना के लाभार्थियों हेतु प्रति कार्ड प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 चावल का आवंटन किये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक भारत सरकार के पत्र संख्या–7–1/2019 (II)–BP.III दिनांक 30.03.2020 तथा आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के पत्र संख्या–2179/आ0वि0श0/खाद्यान्न/2019–20 दिनांक 31.03.2020 के द्वारा अवगत कराया है कि "प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना" के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत अन्तोदय अन्न योजना एवं प्राथमिक परिवारों हेतु नियमित आंवटन के अतिरिक्त प्रति व्यक्ति प्रति माह 05 कि0ग्रा0 खाद्यान्न माह अप्रैल 2020 से माह जून 2020 (तीन माह हेतु) तक निःशुल्क आवंटित किया जाना है। उक्त अतिरिक्त देय खाद्यान्न राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र प्राथमिक परिवारों एवं अन्तोदय कार्ड धारकों को ही देय है। खाद्यान्न उन्ही कार्ड धारकों को देय होगा जिनके राशन कार्ड का डिजीटिलीकरण किया जा चुका है।

जनपद उत्तरकाशी में 28.03.2020 की स्थिति के अनुसार अन्तोदय अन्न योजना के अन्तर्गत कुल 13611 राशन कार्ड तथा 54783 यूनिट है। इसी प्रकार प्राथमिक परिवारों के राशन कार्ड की संख्या 35508 तथा 154920 यूनिट है।

अतः उक्त के क्रम में आपको आदेशित किया जाता है कि आप तत्काल जनपद के पात्र प्राथमिक परिवार एवं अन्तोदय अन्न योजना के लाभार्थियों हेतु प्रति कार्ड प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 चावल का वितरण करना करना सुनिश्चित करें। पात्र लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण के समय सरकारी सस्ते गल्ले के दुकान विक्रेता द्वारा कोविड–19 के तहत भारत सरकार गाईड लाईन के अनुरूप सोशल डिस्टेन्सिंग तथा स्वच्छता का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जायेगा। खाद्यान्न दुकानों के बाहर उपभोक्ताओं के खड़े रहने हेतु निर्धारित दूरी पर चिन्हांकन किया जाये तथा दुकान पर सेनेटाईजर तथा हाथ धोने हेतु पानी अनिवार्य रूप से रखा जायेगा।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

:: आदेश ::

कोरोना वायरस (covid-19) का विश्व भर में प्रकोप के कारण Epidemic Disease अधिसूचित किया गया है। जनपद उत्तरकाशी में कोरोना के संक्रमण के पूर्व नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने के दृष्टिगत अन्य जनपदों/राज्यों से आने वाले व्यक्तियों की जांच करते हुये उन्हे होम क्वारंटीन में रखा जा रहा है। उक्त व्यक्तियों द्वारा दिशा निर्देशानुसार होम क्वारंटीन प्रोटोकॉल अनुपालन कराये जाने तथा ट्रेवल हिस्ट्री सम्बन्धित डाटा रखे जाने के साथ ही इस सम्बन्ध में उपलब्ध जानकारी सम्बन्धित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के लिए निम्न प्रकार कोविड मजिस्ट्रेट नामित किये जाते है।

| क्र0 सं0 | जोन | कोविड मजिस्ट्रेट का नाम | स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित कर्मचारी का नाम | प्रान्तीय रक्षक दल से तैनात कर्मचारी का नाम | वाहन संख्या | वाहन चालक का नाम व मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फोल्ड, संन्ताण गावं, बमण गांव, पिपली, थाती पुजार गांव | श्री तकदीर सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी मो0–7579016888 | डॉ0 दिनेश भट्ट (होम्योपेथिक) मो0–9456118284 7456998732 | श्री बचन सिंह 9997497945 | UK10-4944 | जयेन्द्र भट्ट मो0–9458134142 |
| 2 | उपरिकोट, भराणगांव, कवां, खरवां, खुरकोट, | श्री विकास नौटियाल कनिष्ठ अभियन्ता लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी मो0–8979455464 | श्रीमती पूजा सेमवाल भराणगांव, (फार्मासिस्ट) मो0–7895919930 | श्री जितेन्द्र सिंह मो0 9411733421 | UK07-2630 | दीपेन्द्र शाह मो0–9068719334 |
| 3 | न्यू गांव, लोदाडा, उडरी, हुल्डियाण | श्री सन्दीप भट्ट अपर सहायक अभियन्ता सिंचाई विभाग, ज्ञानसू मो0 9760275099 | श्री राजवीर सिंह बौन, (फार्मासिस्ट)। मो0 7895389464 | श्री दुर्गेश प्रसाद भट्ट मो0 9639678772 | UK10-0002 | जितेन्द्र सिंह गुसांई मो0–9456335139 |
| 4 | कल्याणी, रेसगी, पटारा, हरेती, ब्रहम्खाल, पनोथ | श्री आशीष भट्ट सहायक अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 उत्तरकाशी। मो0 9760041357 | डॉ0 एम.एस. राणा मो0 9411143358 9690458052 | श्री विजलपाल खत्री मो0 9411568121 | UK10-0008 | अनिल सिंह मो0–9627791782 |
| 5 | सौड, जुनेथ, मेनोल, टिपरा, जुगियाडा | श्री गिरीश सिंह राणा, कनिष्ठ अभियन्ता सिंचाई खण्ड ज्ञानसू मो0 9897431633 | श्री राजेन्द्र (फार्मासिस्ट) मो0–9634567610 | श्री नागेन्द्र चौहान मो0 96399926975 | UK10-0615 | जय प्रकाश मो0–7895815666 |
| 6 | ठाण्डी, कमद, कुमार कोट, जालंग | श्री अरविन्द सिंह, अपर सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड ज्ञानसू उत्तरकाशी। मो0 7895161286 | श्री प्रदीप शाह खाण्ड, (फार्मासिस्ट) मो0 9410107853 | श्री विनोद पंवार मो0 7351873772 | UA10-0507 | विपिन सिंह रावत मो0–8979831960 |
| 7 | जुगुल्डी, पन्जियाल, बौन, सिंगोट, चिणाखोली | श्री राजेश नौटियाल, सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड ज्ञानसू उत्तरकाशी। मो0 9412381199 | श्रीमती आरती भण्डारी, साल्ड, (फार्मासिस्ट) मो0 8126329955 | श्री विरेन्द्र रावत मो0 9760331634 | UK07-0414 | जितेन्द्र मो0–9690604215 |
| 8 | रनाडी, पैनी भवान, हिटाणु, वीर पुर, डुण्डा, अस्तल, बेजकोट | श्री हिमांशु नौटियाल, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, उत्तरकाशी। मो0 9411141866 | रितेश नौटियाल (फार्मासिस्ट) मो0–8958306040 | श्री राजेश भट्ट मो0 7055863321 | UK10-0776 | हरेन्द्र सिंह नेगी मो0–8126156681 |
| 9 | डाण्डा मॉजफ, सिगुणी, डुन्नी, बगियाल गांव, | श्री हरीश कुमार, अपर सहायक अभियन्ता पयेजल निगम, उत्तरकाशी। मो0 7500817383 | श्री लोकेन्द्र भट्ट भंकोली (फार्मासिस्ट) मो0–8126294470 | श्री कृपा लाल मो0–7579260588 | UK10-0006 | कमल सिंह असवाल मो0–8979064313 |

ब्लॉक डुण्डा की QRT Team द्वारा धौन्त्री, भेटियारा, भड़कोट एवं RBSK Team द्वारा बड़ेथी, मातली, रतूड़ी सेरा, गेंवला, कुन्सी व सैणी ग्रामों में उक्तानुसार कार्य किया जाना है।

उक्त टीम ग्रामवार होम क्वारेन्टाइन मे रखे गये व्यक्तियों के बारे में जॉच करते हुये आंख्या दैनिक रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह कार्य दिनांक 04.04.2020 तक पूर्ण कर निर्धारित प्रारूप पर Report, War Room में जमा करना सुनिश्चित करें।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगें।

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

**कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी**

पत्र संख्या–324/आ0प्र0प्रा0 (COVID-19)/2020 दिनांक 03 अप्रैल, 2020

प्रतिलिपिः–

1. उपरोक्त अधिकारियों/कर्मियों को अनुपालननार्थ प्रेषित।

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

# :: आदेश ::

भारत सरकार द्वारा दिनांक 03 अप्रैल, 2020 से प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान सम्मान निधि, विभिन्न पेंशन योजनाओं तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अनुमन्य धनराशि बैंकों/ग्राहक सेवा केन्द्रों/भारतीय डाक भुगतान बैंकों में उपलब्ध करायी जायेगी।

उक्त के क्रम में कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत जनपद में स्थिति बैंको को खुला रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय-समय पर पारित पूर्व आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुये निम्न निर्देश जारी किये जाते है, जो दिनांक 03.04.2020 से प्रभावी होंगेः-

1. दिनांक 03.04.2020 से सभी बैंक प्रातः 8.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राहकों से लेन देन हेतु खुले रहेंगे।
2. अपराह्न 1.00 बजे से 4.00 बजे तक बैंक अपने आन्तरिक मिलान एवं अन्य कार्य सम्पन्न कर सकेंगे।
3. सभी ए0टी0एम0 प्रातः 8.00 बजे अपराह्न 1.00 बजे तक खुले रहेंगे।
4. सभी बैंक मित्र भी उपरोक्त समय प्रातः 8.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक नकदी का लेन-देन करेंगे। कुछ बैंक मित्र जो दुकानों में अवस्थित है, उनको मात्र बैंकिंग लेन- देन के लिये ही दुकान (प्रातः 8.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे) के मध्य खोलने की अनुमति होगी।
5. इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक AEPS के माध्यम से भुगतान करने में सक्षम है, जो आवश्यक सेवाओं में सम्मलित रहेंगे, इसलिए सभी बैंक उक्त अवधि में अपने पोस्टमेन/पोस्ट ऑफिस के माध्यम से बैंक के ग्राहकों का भुगतान भी सम्पन्न करेंगे।
6. बैंक से जुड़े कर्मचारियों को अपने विभाग द्वारा (सक्षम स्तर से) जारी पहचान -पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा जिसके आधार पर ही उन्हे चार-पहिया व दो पहिया वाहन में आवागमन की छूट होगी।
7. बैंक मित्र आवागमन के लिए अनुमति पत्र निर्गत करने हेतु उप जिलाधिकारियों का अधिकृत किया जाता है। उप जिलाधिकारी जिला लीड बैंक अधिकारी से प्राप्त सूची के अनुसार बैंक मित्रों के अनुमति पत्र जारी करेंगे। किन्तु यह अनुमति पत्र केवल उन्ही को जारी किया जायेगा जो वास्तविक रूप से बैंक से सम्बन्धित है।
8. दिनांक 03.04.2020 से 09.04.2020 तक प्रधानमंत्री जन धन खाते धारकों को उनके खाता संख्या के अन्तिम अंक के अनुसार भुगतान होगा।

| खाता संख्या का अन्तिम अंक | लाभार्थी के खाते से धन निकासी हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|
| 0 या 1 | 03.04.2020 |
| 2 या 3 | 04.04.2020 |
| 4 या 5 | 07.04.2020 |
| 6 या 7 | 08.04.2020 |
| 8 या 9 | 09.04.2020 |

क्रमशः ..........................2

DEOC/negi-2020

Scanned with CamScanner

9. दिनांक 09.04.2020 के पश्चात खाता धारक किसी भी तिथि को बैंक से धन आहरित कर सकते है।
10. जहॉं कहीं ग्राहक/लाभार्थी का अंगूठा लगाया जाना अनिवार्य हो, ऐसे मामलो में अंगूठा लगाने से पहले व बाद में सम्बन्धित उपकरण को अनिवार्य रूप से सैनिटाइज करना होगा।
11. कोरोना वायरस (COVID-19) की रोकथाम हेतु भारत सरकार की गाईडलाईन के अनुरूप बैंकों को सामाजिक दूरी (Social distancing) का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। इस दौरान प्रवेश द्वार पर सैनिटायजेशन की व्यवस्था अपरिहार्य होगी।
12. सभी बैंक अपनी शाखाओं तथा ए0टी0एम0 के बाहर आगन्तुकों/उपभोक्ताओं के खड़े रहने हेतु निर्धारित दूरी पर चिन्हांकन करेंगे। साथ ही हाथ धोने हेतु सैनेटाईजर तथा पानी की समुचित व्यवस्था करेंगे।
13. सभी बैंक अपनी शाखाओं तथा ए0टी0एम0 कक्ष की प्रतिदिन समय–समय पर सोडियम हाइपोक्लोराईड से सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे।

(डॉ0 आशीष चौहान )
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

## कार्यालय, जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी।

पत्र संख्या– 322 /आ0प्र0प्रा0 (COVID-19)/2020 दिनांक 02 अप्रैल, 2020

**प्रतिलिपिः** निम्नांकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव महोदय, वित्त, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
2. सचिव, आपदा प्रबन्धन अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
3. पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी।
4. मुख्य विकास अधिकारी, उत्तरकाशी/अध्यक्ष डी0बी0टी0 सेल को अनुश्रवणार्थ प्रेषित।
5. उप जिलाधिकारी, भटवाडी/डुण्डा/बडकोट/पुरोला को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह अपने अधिकारिता अन्तर्गत उक्त का अनुश्रवण सुनिश्चित करेंगे।
6. जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, उत्तरकाशी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जिला लीड़ बैंक अधिकारी से समन्वय कर उनकी मांग के अनुरूप बैंक शाखाओं को पी0आर0डी0 स्वयंसेवक उपलब्ध करायेंगे।
7. नोडल अधिकारी, एन0सी0सी0, उत्तरकाशी को कि जिला लीड़ बैंक अधिकारी से समन्वय कर उनकी मांग के अनुरूप बैंक शाखाओं को एन0सी0सी0 कैडेट उपलब्ध करायेंगे।
8. जिला लीड बैंक अधिकारी, उत्तरकाशी को इस निर्देश के साथ प्रेषित के डी0ओ0पी0आर0डी0 एवं नोडल एन0सी0सी0 से समन्वय कर बैंक शाखाओं हेतु स्वयंसेवक/कैडेट की मांग प्रस्तुत करेंगे।

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

कोरोना/देखते ही अनुपालन

## :: आदेश ::

विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस (covid-19) को विश्व महामारी एवं आपदा के रूप में अधिसूचित किया गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु दिनांक 25.03.2020 से आगामी 21 दिन के लिय लॉक डाउन किया गया है। उक्त लॉक डाउन के कारण जनपद में वृद्ध एकल, विधवा, आदि पेंशन एवं प्रधान मंत्री जन धन योजना, किसान सम्मान निधि आदि हेतु शासन द्वारा अग्रिम रूप से धनराशि का भुगतान किये जाने हेतु के निर्देश प्राप्त हुये है। उक्त योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि का भुगतान किये जाने व अनुश्रवण हेतु **जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी, उत्तरकाशी की अध्यक्षता में निम्न अधिकारियों की प्रत्यक्ष लाभार्थी हस्तानान्तरण (DBT) समिति** की जाती है–

1. जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तरकाशी।
2. जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तरकाशी।
3. मुख्य कृषि अधिकारी, उत्तरकाशी।
4. मुख्य उद्यान अधिकारी, उत्तरकाशी।

उपरोक्त समिति विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के प्रत्यक्ष लाभार्थियों की अद्यतन सूची के अनुसार **प्रत्यक्ष लाभार्थी हस्तानान्तरण (DBT)** सेल के साथ समन्वय स्थापित कर विकास खण्डवार प्रत्येक ग्रामवार रोस्टर तैयार कर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में संचालित **प्रत्यक्ष लाभार्थी हस्तानान्तरण (DBT)** सेल को दैनिक रूप से उपलब्ध करायेंगे।

जनपद आपातकालीन परिचालन **केन्द्र, उत्तरकाशी में प्रत्यक्ष लाभार्थी हस्तानान्तरण (DBT) सेल का गठन करते हुये निम्न सदस्यों की तैनाती की जाती है–**

1. प्रबन्धक, लीड़ बैंक उत्तरकाशी।
2. प्रबन्धक, RSETI उत्तरकाशी।
3. प्रतिनिधि स्टेट बैंक, उत्तरकाशी।
4. प्रतिनिधि जिला सहकारी बैंक उत्तरकाशी।
5. प्रतिनिधि उत्तराखण्ड गामीण बैंक, उत्तरकाशी।
6. प्रतिनिधि पंजाब नेशनल बैंक, उत्तरकाशी।
7. प्रबन्धक, मुख्य पोस्ट ऑफिस, उत्तरकाशी।

उपरोक्त सेल को निर्देश दिये जाते है कि तत्काल कन्ट्रोल में उपस्थित रहकर उपरोक्त गठित समिति से समन्वय कर कोराना नियंत्रण सम्बन्धी प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये शासन द्वारा वृद्ध एकल, विधवा, आदि पेंशन एवं प्रधान मंत्री जन धन योजना, किसान सम्मान निधि आदि के वितरण हेतु प्राप्त दिशा–निर्देशानुसार सम्बन्धित लाभार्थियों को धनराशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 आशीष चौहान)
अध्यक्ष,जनपद आपदा प्रबन्धन
प्राधिकरण/जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।
उत्तरकाशी।

## कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

पत्र संख्या–321/आ0प्र0प्रा0 (covid-19)/2020 दिनांक 02 ~~मार्च~~ अप्रैल 2020

प्रतिलिपिः 1 उपरोक्त गठित समिति के सदस्यों के अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः 2. प्रत्यक्ष लाभार्थी हस्तानान्तरण (DBT) सेल के अन्तर्गत नामित उपरोक्त सदस्यों के अनुपालनार्थ प्रेषित।

अध्यक्ष,जनपद आपदा प्रबन्धन
प्राधिकरण/जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।
उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

पत्र संख्या–318/आ0प्र0प्रा0 (covid-19)/2020

दिनांक 02 ~~मार्च,~~ अप्रैल 2020

1. अधिशासी अधिकारी,
   नगर पालिका परिषद, बडाहाट/चिन्यालीसौड/बडकोट।

2. अधिशासी अधिकारी,
   नगर पंचायत, नौगांव/पुरोला।

विषयः– <u>बेसहारा पशुओं के सम्बन्ध में।</u>

उपर्युक्त विषयक विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नोबल कोरोना (CoVID-19) को अन्र्तराष्ट्रीय महामारी घोषित किया गया है, फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस (covid- 19) को आपदा के रूप में अधिसूचित किया गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु दिनांक 25.03.2020 से आगामी 21 दिन के लिये लॉक डाउन किया गया है। उक्त लॉक डाउन के कारण पशुओं के प्रभावित होने के दृष्टिगत आपको निर्देश दिये गये थे कि अपने क्षेत्रान्तर्गत बेसहारा/आवारा पशुओं के चारा आदि की पर्याप्त व्यवस्था करें। किन्तु मुख्यालय के कतिपय स्थानों पर आवारा पशुओं को चारें की व्यवस्था नहीं होने के कारण आक्रामक हो रहें है। जिस कारण यह जानवर आमजनमानस को क्षति पहुँचा सकते है।

अतः उक्त बेसहारा/आवारा जानवरों के चारें की पर्याप्त व्यवस्था कर नियमित चारा प्रदान करना सुनिश्चित है। इसके अतिरिक्त आक्रामक पशुओं की पकड़वा कर अन्यत्र सुरक्षित स्थानों पर रखना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

(डॉ0 आशीष चौहान),
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

# :: आदेश ::

कोरोना वायरस (कोविड–19) का विश्व भर में प्रकोप के कारण (Epidemic Disease) अधिसूचित किया गया है। जनपद उत्तरकाशी में कोरोना संक्रमण के पूर्ण नियन्त्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने के दृष्टिगत वाहन चालकों, दुकानदारों, सुरक्षा कर्मियों, स्वयं सेवकों, होटल कर्मियों एवं जी0एन0वी0एन0 स्टॉफ, आशा, ए0एन0एम0, एन0एस0एस0, आंगनवाड़ी कार्मिकों, फोरेस्ट गार्ड, पी0आर0डी0, स्वाच्छक, वार्ड बॉयज जनसामान्य की आवश्यकता होगी। कोरोना वायरस के संक्रमण से राहत कार्यो में लगे समस्त कार्मिकों को सुरक्षा को देखते हुये प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक होगा।

उक्त कार्मिकों को उत्तरकाशी मुख्यालय में मास्टर ट्रेनर द्वारा विकासखण्ड पुरोला व नौगांव में बैच तैयार कर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

प्रशिक्षण निम्न कार्यक्रमानुसार प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण 30–30 प्रशिक्षणार्थियों के बैच में एम0टी0 द्वारा प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि 60 मिनट होगी। प्रशिक्षण प्रात: 10:00 बजे से प्रारम्भ होगा।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| क0 सं0 | प्रशिक्षार्थी | कार्य जिस निमित्त प्रशिक्षण अपेक्षित | प्रशिक्षण दिवस | | प्रशिक्षण स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | |
| 1 | एन0सी0सी0 / एन0एस0एस0 | बहुउद्देशीय बल / सोशल डिस्टेन्सिंग | 03.04.20 | 10.04.20 | 1–जिलाधिकारी कार्यालय सभागार उत्तरकाशी (भटवाडी,डुण्डा चिन्यालीसौड, विकासखण्ड हेत) 2– विकासखण्ड मुख्यालय नौगांव विकासखण्ड नौगांव हेत) 3.विकासखण्ड मुख्यालय पुरोला विकासखण्ड मोरी एवं पुरोला हेत |
| 2 | टैक्सी एवं वाहन चालक | संक्रमित व्यक्तियों का संचलन / शासकीय कार्य | 4.040.20 | 11.04.20 | |
| 3 | आशा कार्यकत्री / आंगनबाडी / ए0एन0एम0 | प्रचार–प्रसार एवं पैरा मैडिकल स्टॉफ / सोशल डिस्टेन्सिंग / क्वारेन्टाईन प्रॉटोकॉल | 05.04.20 | 12.04.20 | |
| 4 | फोरेस्टगार्ड / पी0आर0डी0 / सुरक्षाकर्मी | संक्रमित व्यक्तियों की पहचान एवं जन सुरक्षा / सोशल डिस्टेन्सिंग / क्वारेन्टाईन प्रॉटोकॉल | 06.04.20 | 13.04.20 | |
| 5 | दुकानदार / स्वयंसेवक / जनसामान्य | प्रचार हेतु जागरूकता / सोशल डिस्टेन्सिंग | 07.04.20 | 14.04.20 | |
| 6 | होटलकर्मी / जी0एन0वी0 एन0 स्टॉफ | क्वारेन्टाइन हेतु व्यवस्था / सोशल डिस्टेन्सिंग / क्वारेन्टाईन प्रॉटोकॉल | 08.04.20 | 15.04.20 | |
| 7 | स्वाच्छक / वार्ड बायज | आईसोलेशन / क्वारेन्टाई न प्रॉटोकॉल | 09.04.20 | 16.04.20 | |

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण /
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

संख्या– 320 /                                                  दिनांक– 02 अप्रैल, 2020

**प्रतिलिपिः** निम्नांकित को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित को 40–40 का बैच तैयार कर प्रशिक्षण कार्यकम में प्रतिभाग कराया जाना सुनिश्चित करें।

1. अध्यक्ष, जिला पंचायत, उत्तरकाशी।
2. पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी ।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी/अपर यमुना वन प्रभाग बडकोट/टौन्स वन प्रभाग पुरोला/भूमि संरक्षण वन प्रभाग उत्तरकाशी/टिहरी डैम वन प्रभाग द्वितीय उत्तरकाशी।
4. उप निदेशक गोविन्द पशु विहार पुरोला/गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क उत्तरकाशी
5. प्रबन्धक, गढवाल मण्डल विकास निगम, उत्तरकाशी।
6. जिला कार्यकम अधिकारी, उत्तरकाशी।
7. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तरकाशी।
8. युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, उत्तरकाशी।
9. सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तरकाशी।
10. अध्यक्ष, होटल एसोसियेशन/ अध्यक्ष, व्यापार मण्डल/अध्यक्ष टैक्सी एसोसियेशन/अध्यक्ष, वाहन चालक एसोसियेशन उत्तरकाशी।
11. एन0एस0एस0/एन0सी0सी0 अधिकारी उत्तरकाशी।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

Scanned with CamScanner

## ::आदेश::

मा0 उच्चतम न्यायालय में कोविड–19 लॉक डाउन से विभिन्न स्थानों पर फंसे लोगों को भोजन, आवास तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु रिट याचिका संख्या–468 / 2020 दायर की गयी है।

मा0 उच्चतम न्यायालय में उक्त रिट याचिका संख्या–468 / 2020 में दिनांक 31.03.2020 को सुनवायी के पश्चात लॉक डाउन से प्रभावितों हेतु चलाये जा रहे राहत कैम्प / शिविरों में रह रहे लागों के कल्याण तथा उनकी समस्याओं तथा भय के निराकरण हेतु प्रशिक्षित कॉउन्सलर व सभी धर्मो के प्रतिनिधियों द्वारा कॉउन्सिलिग कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के अनुपालन में जनपद उत्तरकाशी हेतु निम्नवत कॉउन्सिलिंग समितियों का गठन किया जाता है–

| | क्र0 स0 | कॉउन्सलर / धार्मिक प्रतिनिधि का नाम | पद नाम | मोबाईल न0 | आवंटित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति संख्या –01 | 1 | डॉ एस0डी0 बर्मन, | मनोचिकित्सक, (पी0सी0पी0) चिकित्सालय उत्तरकाशी। | 9412104972 | तहसील भटवाडी, डुण्डा, चिन्यालीसौड तथा उप तहसील जोशियाडा, धौन्तरी का सम्पूर्ण क्षेत्र |
| | 2 | डॉ0 अंशुमन शर्मा, | मनोचिकित्सक, (पी0सी0पी0)जिला चिकित्सालय, उत्तरकाशी। | – | |
